Particulars, as have been collected so far, regarding the names of stations and the amount of commission earned, are given in a statement placed on the Table of the Sabha. [*Placed in Library. See* No. LT—648/71]

Demand for more Holiday Homes for Railway Employees

*1100. SHRI K. C. PANDEY : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether there is a huge demand for "Holiday Homes" belonging to the Railways during summer rush ;

(b) whether the demands of a larger number of applicant are not met due to shortage of "Holiday Homes";

(c) if so, the steps proposed to be taken to increase "Holiday Homes" on each Railway ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI HUNUMANTHAIYA) . (a) to (c). A statement is placed on the Table of the House. [*Placed in Library See.* No. LT—649/71]

बिहार, उत्तर प्रदेश और आसाम में बाढ़ की चेतावनी देने वाले केन्द्रों की निष्क्रियता

*1101. **श्री कमल मिश्र मधुकर :**
श्री भोगेन्द्र झा :

क्या सिंचाई और विद्युत मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जून, 1971 के दूसरे सप्ताह में बिहार में गंगा, गण्डक, बागमती तथा भूतली-बालान नदियों में और आसाम और उत्तर प्रदेश की कुछ अन्य नदियों में अकस्मात बाढ़ के समय क्या बाढ की पूर्व चेतावनी देने वाले केन्द्र बिल्कुल निष्क्रिय रहे और लोगों को बाढ की पूर्व सूचना नही दी जा सकी, जिसके परिणामस्वरूप जानमाल की भारी हानि हुई ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे ;

(ग) क्या सरकार ने, इन बाढ चेतावनी केन्द्रों के बहुधा निष्क्रिय रहने और जनता को इनके लाभ से वंचित रखे जाने के कारणों का पता लगाया है , और

(घ) यदि हां, तो क्या उपचारात्मक कार्रवाई करने का विचार है ?

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री (डा० के० एल० राव) : (क) और (ख). केन्द्रीय सेक्टर के अधीन बाढ पूर्व सूचना केन्द्र देश मे कुछ नदियो पर असुरक्षित क्षेत्रों के लिये बाढ़ की पूर्व सूचनाए देने के लिये स्थापित किये गये है । जब भी नदियो मे पानी चेतावनी स्तर के एक मीटर के अन्दर चढ जाता है ये पूर्व सूचनाए राज्यो के अधिकारियो को भेजी जाती हैं । इन पूर्व सूचनाओ को लोगों तक पहुंचाने के लिये राज्य सरकारें उत्तरदायी है । असम, बिहार और उत्तर प्रदेश मे तथा नदियों पर उन स्थानो पर बाढ पूर्व सूचना केन्द्र नीचे दिये जाते है जिनके लिये पूर्व सूचनाए जारी करने के लिये प्रबन्ध किये गये है :

राज्य का नाम	केन्द्र स्थान	नियन्त्रण कक्ष स्थल	वे नदिया जिनके लिये पूर्व-सूचना प्रबंध किये गये है
असम	गोहाटी	डिब्रूगढ़, जोरहाट नलबारी, बारपेटा, रोड, ग्वालपाडा, सिलचर	(1) डिब्रुगढ, नियामती, गोहाटी और ग्वालपाड़ा मे ब्रह्मपुत्र नदी (2) नलबारी पर पागलडिया
बिहार	पटना	मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मुंगेर, बीरपुर	(1) बक्सर, पटना, हाथीदा, मुंगेर, और भागलपुर में गंगा (2) झंझरपुर मे कमला बालान (3) चनपतिया, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में बूढ़ी गंडक (4) त्रिवेणी में गंडक